संपादकीय

# सिद्धांत का उल्लंघन

क्या सुप्रीम कोर्ट आगे से किसी कथित बुल्डोजर न्याय पर अपनी तरफ से पहल कर कार्रवाई करेगा? ऐसा नहीं हुआ, तो आशंका है कि ताजा अदालती पहल का हश्र भी लीचिंग मामले में दिए आदेश जैसा हो जाएगा।

सर्वोच्च न्यायालय ने कथित बुल्डोजर न्याय के बारे जो बातें कही हैं, वो उन समाजों में सामान्य और खुद जाहिर रहती हैं, जो कानून के राज के सिद्धांत से चलते हैं। यह सिद्धांत भारतीय सविधान का भी आधारभूत तत्व है। ऐसे में यह लाजिम होना चाहिए कि इस सिद्धांत का उल्लंघन करने वाला कोई अधिनियम या व्यवहार भारत में स्वीकार्य ना हो। मगर आज सुप्रीम कोर्ट को कहना पड़ रहा है कि अभियुक्तों या सजायाफ्ता व्यक्तियों के परिजनों को आवास से वंचित किया जाए, कानून इसकी इजाजत नहीं देता। जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस केवी विश्वनाथन की खंडपीठ ने पूछा- "सिर्फ इसलिए कि कोई व्यक्ति अभियुक्त है, उसके घर को कैसे तोड़ा जा सकता है?.. क्या ऐसा उस हाल में भी किया जा सकता है, अगर उसे सजा हो गई हो?" बहरहाल, देश की सर्वोच्च अदालत से अपेक्षा यह नहीं होती कि वह प्रश्न पूछने तक सीमित रहे। उससे अपेक्षा होती है कि वह कानून तोडऩे या उसे अपने हाथ में लेने वाले व्यक्ति या अधिकारी के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई करे।

कोर्ट ने कहा है कि अवैध निर्माण के मामले में भी किसी मकान को तोडऩे से पहले उचित प्रक्रिया का पालन होना चाहिए। संबंधित संपत्ति के मालिक को पहले नोटिस जारी होना चाहिए, उसे सफाई देने का मौका मिलना चाहिए और कानून की शरण लेने के लिए उसे उचित वक्त मिलना चाहिए। कोर्ट ने इस बारे में विस्तृत दिशा-निर्देश जारी करने की इच्छा जताई है। इस रूप में अदालत ने सवैधानिक भावना को व्यक्त किया है। मगर जिस दौर में कथित बुल्डोजर न्याय प्रचलित हुआ है, उसमें आम शिकायत है कि कानून की भावना के खिलाफ खुद सरकारें और उनके अधिकारी काम कर रहे हैं। ऐसे में न्यायपालिका की इस भावना का कितना पालन होगा, इसको लेकर संशय बने रहने का पर्याप्त आधार है। क्या सुप्रीम कोर्ट आगे से किसी कथित बुल्डोजर न्याय पर अपनी तरफ से पहल कर कार्रवाई करेगा? क्या वह अपने प्रस्तावित दिशा-निर्देशों के उल्लंघन पर अवमानना की कार्रवाई शुरू करेगा? ऐसा नहीं हुआ, तो आशंका है कि ताजा अदालती पहल का हश्र भी लीचिंग मामले में दिए आदेश जैसा हो जाएगा।

# दो वर्षों में पेट्रोल और डीजल वाहनों के बराबर हो जाएगी ईवी की लागत : गडकरी

**नई दिल्ली**



देश में इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) का चलन आने वाले समय में बढ़ेगा। इस कारण अगले दो वर्षों में ईवी की लागत पेट्रोल और डीजल वाहनों के बराबर आ जाएगी। केंद्रीय सडक़ परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी की ओर से सोमवार को यह बयान दिया गया।

ऑटोमोटिव कंपोनेंट मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एसीएमए) की ओर से आयोजित किए गए इवेंट में केंद्रीय मंत्री की ओर से ऑटोमोबाइल को सडक़ सुरक्षा को बढ़ाने में अधिक योगदान देने को कहा गया। गडकरी ने कहा, 10 साल पहले जब मैंने इलेक्ट्रिक वाहनों को ऑटोमोबाइल कंपनियों से बढ़ाने को कहा था, उस समय बाजार में किसी ने मेरी बात को अधिक महत्व नहीं दिया था। अब वे लोग कह रहे हैं कि मौका हाथ से निकल गया है।

उन्होंने आगे कहा कि वह इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए किसी भी प्रकार की सब्सिडी और इंसेंटिव आदि के खिलाफ नहीं हैं, अगर वित्त मंत्रालय और भारी उद्योग मंत्रालय ईवी सब्सिडी के लिए राशि आवंटित कर देते हैं।

नई इलेक्ट्रिक व्हीकल (ईवी) मैन्युफैक्चरिंग पॉलिसी का उद्देश्य वैश्विक प्लेयर्स को घरेलू वैल्यू चेन में योगदान के लिए आकर्षित करना है।

नई ईवी पॉलिसी के तहत कंपनियों को भारत में मैन्युफैक्चरिंग सुविधा लगाने के लिए कम से कम 4,150 करोड़ रुपये (500 मिलियन डॉलर) का निवेश करना होगा और तीन वर्ष में उत्पादन शुरू करना होगा।

इस दौरान कंपनी को कम से कम 25 प्रतिशत डोमेस्टिक वैल्यू एडिशन (डीवीए) करना होगा। वहीं, कम से कम 50 प्रतिशत डीवीए पांच वर्ष के अंदर करना होगा।

बीते महीने क्रेडिट रेटिंग एजेंसी आईसीआरए द्वारा जारी की गई रिपोर्ट में कहा गया था कि 2030 तक नई कार बिक्री में इलेक्ट्रिक वाहनों की हिस्सेदारी 15 प्रतिशत तक पहुंच सकती है। वित्त वर्ष 24 में वित्त वर्ष 23 के मुकाबले 42.06 प्रतिशत नई कारें पंजीकृत हुई थी।

# भारत के डिफेंस मार्केट को मेक इन इंडिया का मिल रहा फायदा, 14 प्रतिशत रह सकती है वार्षिक वृद्धि दर : रिपोर्ट

**नई दिल्ली**

भारत सरकार की ओर से मेक इन इंडिया पर जोर दिए जाने के कारण वित्त वर्ष 2024 से वित्त वर्ष 2030 तक देश का डिफेंस मार्केट 14 प्रतिशत की चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर (सीएजीआर) से बढ़ सकता है। इन्वेस्टमेंट फर्म जेफरीज की ओर से यह जानकारी दी गई।

रिपोर्ट में बताया गया कि वैश्विक स्तर पर तनाव बढऩे और सरकार की ओर से डिफेंस सेक्टर के स्थानीयकरण पर जोर दिए जाने के कारण भारतीय डिफेंस कंपनियों के लिए मौके बढ़ रहे हैं।

जेफरीज ने रिपोर्ट में कहा कि भारत सरकार एक तरफ डिफेंस के स्थानीयकरण पर जोर दे रही है। वहीं, दूसरी तरफ डिफेंस उपकरणों के एक्सपोर्ट को भी बढ़ावा दिया जा रहा है। इससे डिफेंस सेक्टर में ऑर्डर इनफ्लो बढ़ेगा।

वित्त वर्ष 2024 से वित्त वर्ष 2030 के बीच भारत द्वारा डिफेंस पर खर्च को बढ़ाकर दोगुना किया जा सकता है। ऐसे में डिफेंस कंपनियों के शेयरों में तेजी जारी रह सकती है।

डिफेंस कंपनियों को भारतीय बाजार में अगले 5 से 6 वर्षों में 90 से 100 अरब डॉलर अवसर मिलेंगे। 2022 में भारत का डिफेंस पर खर्च अमेरिका के खर्च का 10 प्रतिशत और चीन के खर्च का 27 प्रतिशत था।

भारत डिफेंस उपकरणों का दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा आयातक देश है। विश्व में होने वाले कुल हथियारों के आयात में भारत की हिस्सेदारी 9 प्रतिशत है। रिपोर्ट में आगे कहा गया कि सरकार की ओर से डिफेंस निर्यात पर जोर दिए जाने के कारण वित्त वर्ष 2024 से वित्त वर्ष 2030 के बीच डिफेंस उपकरणों का निर्यात 18 प्रतिशत के सीएजीआर से बढ़ सकता है।

वित्त वर्ष 2017 से वित्त वर्ष 2024 के बीच भारत का डिफेंस निर्यात 14 गुना बढक़र 2.6 अरब डॉलर हो गया है।

# विराट कई मायनों में ऑस्ट्रेलियाई हैं: स्टीव स्मिथ

**नई दिल्ली**

अनुभवी ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज स्टीव स्मिथ ने मैदान पर विराट कोहली के दृष्टिकोण को ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी की सोच तरह बताया है और उनका मानना है कि भारतीय दिग्गज बल्लेबाज अपने विचारों और कार्यों में ऑस्ट्रेलियाई हैं।

भारत और ऑस्ट्रेलिया 2024/25 बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में आमने-सामने होंगे। दोनों देश क्रमश: पर्थ, एडिलेड, ब्रिस्बेन, मेलबर्न और सिडनी में पांच मैचों की श्रृंखला में आमने-सामने होंगे।

भारत ने क्रमश: 2018/19 और 2020/21 में ऑस्ट्रेलिया में आयोजित बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के पिछले दो संस्करण जीते हैं।

स्मिथ ने स्टार स्पोर्ट्स द्वारा एक्स पर पोस्ट किए गए वीडियो में कहा, मेरा मानना है कि विराट कोहली विचारों और कार्यों में ऑस्ट्रेलियाई हैं। जिस तरह से वह लड़ाई में उतरते हैं, जिस तरह से वह चुनौती का सामना करते हैं और विपक्ष पर हावी होने की कोशिश करते हैं। मैं कहूंगा कि वह संभवत: भारतीय खिलाडिय़ों में सबसे अधिक ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी जैसी सोच रखते हैं।

# आईफोन 16 सीरीज लॉन्च से भारत में एप्पल के कारोबार में दिखेगी जबरदस्त वृद्धि

**नई दिल्ली**



दिग्गज टेक कंपनी एप्पल द्वारा वैश्विक स्तर पर नए आईफोन 16 के लॉन्च से भारत में कंपनी की आय में 2024 में सालाना 18 प्रतिशत की वृद्धि हो सकती है। साथ ही आईफोन के निर्यात में भी इजाफा देखने को मिल सकता है। इंडस्ट्री एनालिस्ट्स ने मंगलवार को इसकी जानकारी दी। एप्पल की ओर से आईफोन 16 की नई सीरीज को लॉन्च कर दिया गया है। इसमें एप्पल इंटेलिजेंस, बड़ी डिस्प्ले और कैमरा कंट्रोल के साथ कई नए फीचर हैं। जानकारों का कहना है कि एप्पल द्वारा प्रो वर्जन को पिछले साल की अपेक्षा सस्ता रखा गया है। यह कंपनी का भारत में मार्केट शेयर बढ़ाने में मदद करेगा।

काउंटरपॉइंट रिसर्च के डायरेक्टर तरुण पाठक ने कहा, एप्पल भारत में मार्केट शेयर वॉल्यूम में 6 प्रतिशत और वैल्यू में 16 प्रतिशत है। ऐसे में दोहरे अंक में वृद्धि दर जारी रह सकती है। कंपनी की आय देश में 2025 में 10 अरब डॉलर के आंकड़े को पार कर सकती है। आईफोन 16 सीरीज 20 सितंबर से भारत में बिक्री के लिए उपलब्ध होगी।

एनालिस्ट ने आगे कहा कि भारत में आईफोन की ज्यादातर ग्रोथ पहली बार आईफोन का इस्तेमाल करने वाले यूजर्स की ओर से आएगी। एप्पल की ओर से देश में लगातार विस्तार किया जा रहा है। इससे कंपनी को वृद्धि हासिल करने में मदद मिलेगी। पाठक ने आगे कहा, एप्पल भारत में एक एस्पिरेशनल ब्रांड है और केवल प्रीमियम कैटेगरी में ही उपलब्ध है। इसको खरीदने में सबसे बड़ी समस्या बस केवल अधिक कीमत का होना है। बाजार में आज के समय में कई अच्छी फाइनेंस स्कीम उपलब्ध हैं, जो कि आईफोन को ग्राहकों के लिए किफायती बनाती हैं। ताजा कंज्यूमर रिसर्च के मुताबिक 10 में से 6 प्रीमियम स्मार्टफोन यूजर फाइनेंस स्कीम के जरिए फोन खरीदना पसंद करते हैं।

वैश्विक निवेश फर्म जेफरीज के मुताबिक, सरकार की 'मेक इन इंडिया' पहल और प्रोडक्शन लिंक्ड इंसेंटिव (पीएलआई) स्कीम के कारण आईफोन का प्रोडक्शन भारत में एप्पल की कुल शिपमेंट का 2023 में 10 प्रतिशत रहा, जो कि 2017 में एक प्रतिशत से भी कम था।

# मरियप्पन थंगावेलु और वरुण भाटी, जिन्होंने जिंदगी की रेस को कूदकर किया पार

**नई दिल्ली**



ओलंपिक या पैरालंपिक खेलों में खिताब जीतना एक बड़ी उपलब्धि है। भारत के कुछ खिलाडिय़ों ने लगातार दो ओलंपिक या पैरालंपिक में भी मेडल जीते हैं। अब तो एक ही ओलंपिक इवेंट में एक खिलाड़ी द्वारा दो मेडल लाने की उपलब्धि भी दर्ज हो चुकी है। हाल ही में पेरिस पैरालंपिक सम्पन्न हुए जिसमें भारत ने ऐतिहासिक प्रदर्शन किया। जिन खिलाडिय़ों ने चमक बिखेरी उनमें एक नाम मरियप्पन थंगावेलु का था। जिन्होंने पैरालंपिक खेलों में एक और मेडल जीता था। ऐसा कर वह लगातार तीन पैरालंपिक मेडल जीतने वाले भारत के पहले एथलीट बन गए। एक ऐसी ऐतिहासिक उपलब्धि जिसकी शुरुआत 10 सितंबर को ही हुई थी।

मारियप्पन का जन्म तमिलनाडु के सलेम स्थित एक छोटे से गांव में हुआ। परिवार बेहद गरीब था। छह बच्चों के परिवार के साथ पिता का साथ नहीं था। मां दिहाड़ी मजदूरी और सब्जी बेचकर किसी तरह घर चलाती थीं। इतनी कठिनाई के बावजूद, पांच साल के छोटे मारियप्पन की जिंदगी में एक दुखद मोड़ आया जब एक नशे में धुत बस ड्राइवर ने टक्कर मार दी, जिससे उनका दाहिना पैर घुटने के नीचे से कुचल गया। इस हादसे ने उन्हें स्थायी रूप से दिव्यांग बना दिया और उन्हें चलने के लिए लकड़ी के पैर का सहारा लेना पड़ा।

एक तरफ जिंदगी खेल रही थी तो दूसरी ओर मरियप्पन! दरअसल, इस बच्चे को खेल का बहुत शौक था। ये देख शिक्षक ने उन्हें ऊंची कूद करने के लिए प्रोत्साहित किया। स्थानीय प्रतियोगिताओं में भाग लेना शुरू किया कई मेडल और ट्राफियां जीतीं तो हौसला बढ़ा। उनके खेल और लगन ने पैरा-एथलीटों के प्रसिद्ध कोच सत्यनारायण को भी प्रभावित किया। 2015 में, सत्यनारायण ने मारियप्पन को बेंगलुरु में अपने ट्रेनिंग कैम्प में शामिल किया और उनके मार्गदर्शन में, मारियप्पन ऊंची कूद में पैरालंपिक स्वर्ण पदक जीतने वाले पहले भारतीय बने।

यह रियो पैरालंपिक, 2016 की बात थी। 10 सितंबर के दिन मरियप्पन ने पुरुषों के टी42 इवेंट में 1.89 मीटर की जंप के साथ गोल्ड मेडल हासिल किया था। यह रियो पैरा खेलों में भारत का पहला गोल्ड मेडल भी था। इसके बाद उन्होंने टोक्यो पैरालंपिक 2020 में 1.86 मीटर की जंप के साथ सिल्वर मेडल जीता था। पेरिस पैरालंपिक के ब्रॉन्ज मेडल ने उनकी हैट्रिक पूरी कर दी।

# महिला टी20 विश्व कप: न्यूजीलैंड की टीम घोषित; डिवाइन, बेट्स रिकॉर्ड 9वीं बार खेलेंगी

**ऑकलैंड**



न्यूजीलैंड ने अगले महीने यूएई में होने वाले आईसीसी महिला टी20 विश्व कप के लिए अपनी 15 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है। सोफी डिवाइन और सूजी बेट्स लगातार 9वीं बार आईसीसी महिला टी20 विश्व कप में हिस्सा लेंगी।

इस अनुभवी जोड़ी ने 2009 में टूर्नामेंट की शुरुआत के बाद से महिलाओं के मेगा इवेंट के हर संस्करण में भाग लिया है।

विश्व कप के बाद टी20 कप्तान के पद से हटने वाली डिवाइन टीम की अगुवाई करेंगी। वह ट्रॉफी के साथ अंत की उम्मीद करेंगी, जो टीम को टूर्नामेंट के पहले दो संस्करणों 2009 और 2010 में उपविजेता रहने के बाद से नहीं मिली है।

डिवाइन ने कहा, टी 20 विश्व कप महिलाओं के खेल के विकास और वृद्धि में एक महत्वपूर्ण माध्यम रहा है। मेरे लिए गर्व की बात है कि मैं शुरुआत से ही इस टूर्नामेंट का हिस्सा रही हूं। मैं विश्व स्तरीय टीमों के खिलाफ प्रतिस्पर्धा करने के एक और अवसर का इंतजार कर रही हूं।

विकेटकीपर बल्लेबाज इजी गेज आईसीसी महिला टी20 विश्व कप में अनुभव के बिना टीम की एकमात्र सदस्य हैं। मुख्य कोच बेन सॉयर ने कहा कि विश्व कप टीम में शामिल होना एक विशेष अवसर है।

सॉयर ने कहा, इस टीम में शामिल सभी खिलाडिय़ों को बधाई। विश्व कप में अपने देश का प्रतिनिधित्व करने के लिए चुना जाना एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। मैं इस टीम से वास्तव में खुश हूं, मुझे लगता है कि ये हमारी सर्वश्रेष्ठ 15 खिलाड़ी हैं जो संभावित रूप से विभिन्न परिस्थितियों के अनुकूल खुद को ढालने में माहिर हैं।

न्यूजीलैंड को ऑस्ट्रेलिया, भारत, पाकिस्तान और श्रीलंका के साथ ग्रुप ए में रखा गया है। वे 4 अक्टूबर को भारत के खिलाफ अपने पहले ग्रुप मैच से पहले दक्षिण अफ्रीका और इंग्लैंड के खिलाफ दो अभ्यास मैच खेलेंगे।

टीम टूर्नामेंट की तैयारी के लिए मैके और ब्रिसबेन में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन टी20 मैच खेलने के लिए 16 सितंबर को रवाना होगी।

## आज का राशिफल

**मेष :** आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज कुछ महत्वपूर्ण घरेलू काम पूरे होंगे। अपना व्यवहार सकारात्मक बनाए रखें। भविष्य के लिए बनायी योजनाओं पर भी आज कुछ सोच-विचार कर सकते हैं।

**वृष:** आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज का दिन व्यापार के लिए फायदेमंद रहेगा। निवेश से जुड़े कुछ बेहतर मौके मिल सकते हैं। नए विचार आपके सामने आते रहेंगे। आज योजना बनाने और फैसला लेने के लिए दिन बहुत अच्छा है।

**मिथुन:** आज आपका दिन खुशियों भरा रहने वाला है। आज आपका मन नया काम करने में लगेगा। बिजनेस में दो गुना वृद्धि होने के योग बन रहे हैं। आज अपने कामकाज को पूरी सावधानी से करें, साथ ही दूसरों की हर संभव मदद करें।

**कर्क:** आज का दिन ठीक-ठाक रहने वाला है। आज अपनी सोच को सकारात्मक रखें। आज आप जॉब स्विच करने का मन बना सकते हैं। इसके लिए आपको अच्छे ऑप्शन मिल सकते हैं।

**सिंह :** आज का दिन अच्छा रहेगा। आज आप जिस भी व्यक्ति से मिलेंगे वह आपसे प्रभावित होगा। व्यापार के क्षेत्र में परिवार से सहयोग मिलेगा। वर्क-प्लेस पर अपनी वाणी पर संयम बनाए रखें।

**कन्या:** आज का दिन आपके लिए नयी उमंग से भरा रहने वाला है। आज आप घर और ऑफिस की दुनिया से बाहर निकल कर प्रकृति का आनंद लें। अपने अधूरे कामों को पूरा करने के लिए भी आज का दिन अच्छा है।

**तुला:** आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आज आपके मन में नए-नए विचार आएंगे। आपके बनाए प्लान में कोई बदलाव हो सकता है। बिजनेस में कुछ नया करने की इच्छा होगी। दिल की बजाय दिमाग से काम लें।

**वृश्चिक:** आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। आज प्रॉपर्टी में निवेश के लिए दिन अच्छा रहेगा। बड़े- बुजुर्गों की सलाह आपके लिए लाभकारी सिद्ध होगी। धन-लाभ का योग बन रहा है। समाज कल्याण की तरफ भी आपका रुझान रहेगा।


**धनु:** आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आज आपका रुझान अध्यात्मक की तरफ ज्यादा रहेगा। आप किसी धार्मिक यात्रा पर जा सकते हैं। राजनीतिक कार्यों में आपकी रुचि बढ़ेगी।

**मकर:** आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आज कार्यस्थल पर वरिष्ठ अधिकारी आपके काम की तारीफ करेंगे। आपकी सैलरी में इन्क्रीमेंट के योग हैं, जिससे आपका आज का दिन अच्छा रहेगा।

**कुंभ:** आज का दिन आपके लिए उत्तम रहेगा। आज सामाजिक कार्यों में अपना योगदान देंगे। कार्यक्षेत्र में उम्मीद के अनुसार कामयाबी हासिल होगी। आज आपकी मुलाकात अपने बेस्ट फ्रेंड से हो सकती है। पारिवारिक मामलों में किसी बात को लेकर जीवनसाथी से विचार-विमर्श करेंगे।

**मीन:** आज का दिन आपके लिए उत्साहपूर्वक रहेगा। आज कोई भी शुभ कार्य करेंगे और साथ ही मांगलिक कार्य भी करेंगे। संतान की करियर के लिए में चिंताएं बनी रहेंगी। दोस्तों के साथ बाहर मौसम का लुफ्त उठा सकते हैं। पूरा दिन मौज-मस्ती से भरा रहेगा।

# अक्षय कुमार ने किया हॉरर कॉमेडी फिल्म भूत बंगला का एलान, खिलाड़ी का फर्स्ट लुक पोस्टर आउट



अक्षय कुमार अपने 57वां बर्थडे के मौके पर अपने फैंस को सुनहरा तोहफा दिया है. अक्षय कुमार ने अपनी नई हॉरर कॉमेडी फिल्म भूल बंगला का एलान किया है. इसी के साथ फिल्म भूत बंगला का एक मजेदार पोस्टर भी सामने आया है. भूत बंगला को प्रियार्दशन बनाने जा रहे हैं. इस जोड़ी ने पहले फिल्म भूल भुलैया से धमाका मचा दिया था.

फिल्म भूत बंगला से सामने आया अक्षय कुमार का फर्स्ट लुक बड़ा ही मजेदार है. इसमें अक्षय कुमार के कंधे पर काली बिल्ली बैठी हुई है और अक्षय कुमार कटोरी में पड़े दूध पर अपनी लार टपका रहे हैं. अक्षय कुमार ने अपने बर्थडे पर फिल्म भूत बंगला का एलान कर लिखा है, जन्मदिन पर आपके प्यार के लिए धन्यवाद, साल दर साल, इस साल भूत बंगला के फर्स्ट लुक का सेलिब्रेशन मना रहा हूं, 14 साल बाद प्रियादर्शन के साथ दोबारा काम करने के उतावलेपन को मैं जाहिर नहीं कर सकता हूं, यह ड्रीम कोलेब्रेशन लंबे समय बाद लौटा है, आप लोगों के साथ यह सफर शेयर करने से खुद को नहीं रोक पाया हूं. जादू के लिए हमसे जुड़े रहिए.

# युध्रा से सिद्धांत चतुर्वेदी और मलविका मोहनन का नया पार्टी एंथम सोहनी लगदी रिलीज, अलग ही स्वैग में दिखी जोड़ी




तैयार हो जाइए वॉल्यूम बढ़ाने और डांस फ्लोर पर धमाल मचाने के लिए. सिद्धांत चतुर्वेदी और मालविका मोहनन स्टारर फिल्म युध्रा का मच अवेटेड क्लब एंथम सोहनी लगदी रिलीज हो गया है, और ये बिल्कुल वैसा ही है जैसा आपने सोचा था, सच कहा जाए तो उससे भी कहीं ज्यादा! सिद्धांत और मालविका की जबरदस्त जोड़ी से सजा ये ट्रैक सभी के लिए नया पार्टी सॉन्ग बनाने के लिए तैयार है.

एक्शन से भरपूर ट्रेलर और एक्साइटिंग फर्स्ट सॉन्ग साथिया के बाद, सोहनी लगदी की रिलीज सभी के लिए कभी न भूलने वाले सफर का वादा करती है. अपनी कैंची बिट्स और जबरदस्त रिदम के साथ, यह ट्रैक किसी भी पार्टी या नाइट आउट के लिए हाई एनर्जी और व्हाइट परफेक्ट रखने के लिए बनाई गई है.

# स्त्री 2 बनी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली तीसरी फिल्म, पठान को पछाड़ा अब एनिमल की बारी



राजकुमार राव और श्रद्धा कपूर की 'स्त्री 2' बॉक्स ऑफिस पर रूकने का नाम नहीं ले रही है. फिल्म को रिलीज हुए तीन हफ्ते पूरे हो चुके हैं लेकिन इसका क्रेज अब भी दर्शकों के सिर चढक़र बोल रहा है. यही वजह से ही चौथे वीकेंड पर भी इस हॉरर कॉमेडी ने ताबड़तोड़ कलेक्शन किया है. चलिए यहां जानते हैं 'स्त्री 2' ने रिलीज के चौथे रविवार यानी 25वें दिन कितना कलेक्शन किया है?

'स्त्री 2' सिनेमाघरों में अक्षय कुमार की खेल खेल में और जॉन अब्राहम की वेदा सहित कई साउथ फिल्में के साथ 15 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी. जहां ये सभी फिल्में एक हफ्ते में ही बॉक्स ऑफिस पर ढेर हो गई वहीं 'स्त्री 2' अकेले टिकट खिडक़ी पर राज कर रही है. इस फिल्म को दर्शकों से भरपूर प्यार मिल रहा है. ये हॉरर कॉमेडी साल 2024 की सबसे बड़ी हिट को बन ही चुकी है वहीं ये चौथी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली हिंदी फिल्म भी बन चुकी है.

दिलचस्प बात ये है कि रिलीज के तीन हफ्ते धुआंधार कमाई करने के बाद अब 'स्त्री 2' ने चौथे वीकेंड पर भी गर्दा काट दिया है. फिल्म के कलेक्शन की बात करें तो 'स्त्री 2' ने पहले हफ्ते में 307.80 करोड़ की कमाई की थी. दूसरे हफ्ते में फिल्म का कलेक्शन 145.80 करोड़ रुपये रहा. वहीं तीसरे हफ्ते 'स्त्री 2' का कारोबार 72.83 करोड़ रुपये रहा. वहीं तरण आदर्श द्वारा शेयर किए गए आंकड़ों के मुताबिक चौथे शनिवार 'स्त्री 2' ने 88.89 फीसदी के जंप के साथ 8.77 करोड़ का कलेक्शन किया और शनिवार तक यानी 24वें दिन तक फिल्म की कमाई 540.04 करोड़ रुपये हो गई थीं.

वहीं अब फिल्म की रिलीज के चौथे रविवार यानी 25वें दिन की कमाई के कड़े आ गए हैं.


## शब्द सामर्थ्य- 174

**बाएं से दाएं**

1. व्यर्थ, अकारण, बेवजह (उर्दू) 4. साथ में, सहित 5. वर्षा, बारिश, बरखा 8. कथा, किस्सा 9. चिढ़चिड़ा, बदमिजाज 11. प्रलय, आफत, हलचल 12. लाख ढकने का कपड़ा 13. पिता, क्लर्क, सम्मानित व्यक्ति 14. वायु, पवन 16. निवास करना, उपस्थित होना, ठहरना 18. जिसे लात खाने की आदत हो गई हो 19. सेवक, दास, चाकर 21. भ्राता 22. मेघ, जलद, नीरद।

**ऊपर से नीचे**

1. विशेष, विशिष्ट 2. सुगंध, खुशबू 3. आदमी, मनुष्य, मानव 5. अपेक्षाकृत, अपेक्षया 6. कष्ट, दर्द, दिक्कत 7. पठन, पढ़ने का काम, शिक्षा 10. किस्मत, नसीब, भाग्यवान 12. एक पक्षी जो पुराने समय में संदेश वाहक का काम करता था 13. बाल, बच्चा, लड़का, छोकरा 17. वायु संबंधी, हवा में रहने, उड़ने या होने वाला, बिलकुल काल्पनिक और निर्मूल 19. नाव, कश्ती 20. वर्ष, बरस, एक इमारती वृक्ष।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 173 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पं | क्ति | | स्वा | द | | स | ब | ब |
| जा | | सु | हा | ना | | | ली | द |
| ब | हु | धा | | द | ल | ना | | ल |
| | | क | मा | न | | ग | ह | ना |
| भं | व | र | | | | वा | म | |
| गी | त | | म | ज | बू | र | | ट |
| | न | म | स्का | र | | | | र |
| | | र्या | | | बी | | ना | का |
| सं | वि | दा | | ब | स | च | ल | ना |

## सू-दोकू- 174

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | | 6 | | | 1 | |
| 3 | | | 4 | | | 2 | | |
| | | | | | | | 6 | |
| 6 | | | | | 4 | | | |
| | 9 | | 5 | | | 6 | | 1 |
| | | | | | | | | |
| 4 | | 3 | | | 9 | | | 2 |
| | 8 | | 2 | | | | 7 | |
| 1 | | 2 | | 4 | | 9 | | 6 |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक रख सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.173 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 7 | 6 | 9 | 5 | 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | 3 | 9 | 2 | 8 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 4 | 5 | 2 | 3 | 7 | 6 | 9 | 1 | 8 |
| 2 | 8 | 5 | 4 | 6 | 7 | 1 | 9 | 3 |
| 3 | 1 | 7 | 8 | 9 | 2 | 4 | 5 | 6 |
| 6 | 9 | 4 | 1 | 3 | 5 | 7 | 8 | 2 |
| 9 | 4 | 1 | 6 | 2 | 8 | 3 | 7 | 5 |
| 7 | 2 | 8 | 5 | 1 | 3 | 6 | 4 | 9 |
| 5 | 6 | 3 | 7 | 4 | 9 | 8 | 2 | 1 |